DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि को मिली 30 लाख अनुसंधान ग्रांट

जागरण संवाददाता, देहरादून : राज्य सरकार की ओर से हाल ही में लांच की गई उत्तराखंड मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत दून विश्वविद्यालय के चार विषय संकायों को 30 लाख रुपये अनुसंधान अनुदान दिया गया है। यह अनुदान विशेष रूप से पर्यावरण अनुसंधान, अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान और प्रबंधन के क्षेत्रों में मिला है, जो विषय उत्कृष्टता के लिए विवि की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत दून विवि को मिले ग्रांट को ग्रहण करने के दौरान दून विवि के चार संकायों के प्रोफेसर, उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डा. देवेंद्र भसीन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ सेवा सदन में मौजूद • साभार-विवि

दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे संकायों के अनुसंधान प्रयासों को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना से बल मिला है। यह मान्यता अकादमिक उत्कृष्टता और प्रभावशाली शोध को बढ़ावा देने के लिए विवि की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें अपने संकाय सदस्यों पर गर्व है। चारों संकाय को प्राप्त अनुदान उत्तराखंड, वैश्विक पटल पर मानवी और प्राकृतिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए विवि के समग्र दृष्टिकोण को उजागर करता है। विवि को प्राप्त हुई ग्रांट फैकल्टी के रिसर्च स्किल्स, अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार में किए गए कार्यों की एक अभिव्यक्ति है। उत्तराखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना वर्ष 2023-2024 के शैक्षिक सत्र से ही शुरू की गई है।

News paper – Dainik Jagran
Date – 03.03.2024